卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 283 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦21 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ग्राम पंचायत चुनाव की महिला प्रत्याशी को निर्वस्त्र कर घुमाया



कोलकाता(उद ब्यूरो)। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की घटना के बाद लोगों में गुस्से की आग अभी शांत भी नहीं हुई है कि अब बंगाल में महिला के साथ हिंसा और निर्वस्त्र घुमाने का मामला सामने आया है। एक ग्राम पंचायत की महिला प्रत्याशी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर छेड़छाड़ और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना आठ जुलाई की बताई जा रही है, जिस दिन राज्य में पंचायत चुनाव का मतदान हुआ था। महिला प्रत्याशी का आरोप है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाया। यह घटना हावड़ा जिले के पांचला इलाके की है। मामले में पांचला थाने में एफआइआर दर्ज हो चुका है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि मुझे तृणमूल के लगभग 40 उपद्रवियों ने मारा-पीटा। मेरी सीने और सिर पर डंडे से वार किया और मुझे मतदान केंद्र से बाहर फेंक दिया गया। एफआइआर की कापी में तृणमूल प्रत्याशी हेमंत राय, नूर आलम, अल्फी एसके, रणबीर पांजा संजू, सुकमल पांजा (शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने दी जान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कहा जाता है पति पत्नी का रिश्ता अटूट होता है। अधिकांश मामलों में पति पत्नी एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें मायके गई पत्नी को उसकी मां ने वापस ससुराल भेजने से मना कर दिया। पति ने कई बार उसे वापस लाने की कोशिश की परंतु हर बार उसे निराशा हाथ लगने से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और उसने आज घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शिवनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी 26वर्षीय राहुल पुत्र लखन मिस्त्री का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व चितरंजनपुर नं.दो दिनेशपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## खेत में गये वृद्ध की संदिग्ध हालातों में मौत



काशीपुर(उद संवाददाता)। साग सब्जी की खेती के लिए खेत की और गए एक वृद्ध की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला किला काशीपुर निवासी लाल सिंह 70 वर्ष पुत्र विजयपाल खेती बाड़ी का काम किया करता है। उसके तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि रोजाना की भांति गत गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे सब्जियों की देखभाल के लिए वह खेत की ओर गया इसी बीच अचानक वृद्ध गश खाकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर वृद्ध को उपचार की राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे यह माउस भेजा जहां से अंत्य परीक्षण के बाद मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## गदरपुर में सभासदों का हंगामा,पालिका में तालाबंदी

गदरपुर(उद संवाददाता)। यहां पालिका में सभासदों और चेयरमैन के बीच चल रहा गतिरोध थमने का नाम नहीं



ले रहा है। शुक्रवार को सभासदों ने नगरपालिका पहुंचकर ताला जड़ दिया और चेयरमैन और ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करते हुए सभासद धरने पर बैठ गये। हंगामे को देखते हुए मौके पर पुलिस पहुंच गयी। वहीं पालिकाध्यक्ष और ईओ सभासदों के खिलाफ तहरीर देने के लिए थाने पहुंच गये। बता दें आधा दर्जन से अधिक सभासद पिछले लगभग 1 माह से लगातार बोर्ड की बैठक कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस सम्बंध में सभासदों ने जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी सहित कई अफसरों को पत्र भेजकर बोर्ड की बैठक कराए जाने की मांग की थी। उसके बावजूद भी बोर्ड की बैठक न हो पायी है। शुक्रवार को एक बार फिर सभासद का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने नगर पालिका पहुंचकर गेट पर तालाबंदी कर चेयरमैन व ईओ के खिलाफ नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। वार्ड नंबर 1 के सभासद जुनैद अंसारी ने बताया कि सफाई का ठेका पहले के मुताबिक काफी महंगा दिया है उसके बावजूद भी शहर में पहले की तरह सफाई व्यवस्था नहीं है यह कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में भी नगरपालिका में तालाबंदी की थी अब फिर सभासदों (शेष पृष्ठ सात पर)

### 26 जुलाई को होगी बोर्ड की बैठक

गदरपुर। पालिका में सभासदों के हंगामे के बाद एसडीएम ने मामले को लेकर ईओ और पालिकाध्यक्ष से वार्ता की और मामले को लेकर सभासदों से भी वार्ता की। जिसके बाद बोर्ड की बैठक के लिए 26 जुलाई की तिथि तय की गयी। बैठक की तिथि तय होने के बाद सभासदों ने धरना समाप्त कर दिया।

## खड़े डम्पर से भिड़ा टैम्पो,आठ मजदूर घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सवारियां लेकर जा रहा टैम्पो सड़क किनारे खड़े डम्पर से भिड़ गया। हादसे में आठ लोग



घायल हो गये। घायलों में एक युवक और युवती की हालत गंभीर है उन्हें हल्द्वानी रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार प्रातः करीब नौ बजे ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक टैम्पो संख्या यूके 06 टी ए 64 71 मजदूरों को लेकर पत्थर चट्टा बाग जा रहा था। इसी बीच नैनीताल रोड पर पेट्रोल पम्प के पास सड़क किनारे खड़े डंपर से अनियंत्रित टैम्पो की भिड़ंत हो गयी। जिसमें टैम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार मजदूरों में चीख पुकार मच गयी। सूचना पर सीपीयू और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घयलों को क्षतिग्रस्त टैंपो से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। घायलों में 30 वर्षीय रूपा पत्नी जयविंदु निवासी ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम बड़ा पतारा तहसील सिंघोली सीतापुर, रूपा का भाई 17 वर्षीय शिवम पुत्र लालता पांडे, 19 वर्षीय वंदना, ट्रांजिट कैम्प निवासी 38 वर्षीय किरन पत्नी राम सिंह, किरन की पुत्री 18 वर्षीय काजल, आजादनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी अर्चना देवी पत्नी योगेश कुमार, जाफराबाद बिलासपुर निवासी काजल पत्नी राहुल सहित अन्य युवती शामिल है। घायलों में शिवम और अज्ञात युवती की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर किया गया है। घटना का कारण स्टेयरिंग फेल होना माना जा रहा है। घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया। पुलि उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

## ट्रेन से कटकर होटल कर्मी की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रेन से कटकर होटल में काम करने वाला एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम जयनगर निवासी मूल निवासी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ 40 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र राजेन्द्र एक होटल में काम करता था। गत सायं उसका छोटा भाई विजय सिडकुल से ड्यूटी कर वापस घर लौटा था और दोनों भाईयों ने मिलकर खाना खाया। इसके बाद सुनील करीब सात बजे घर से रवाना हो गया। जब वह घर वापस नहीं लौटा तो विजय ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान उसे भाई सुनील रेल की पटरियों के मध्य गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। उसने घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस के द्वारा उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पूलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्ट मार्टम गृह भिजवाकर पंचनामा भरा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा गया।

## छात्र नेताओं से अभद्रता पर फूटा गुस्सा,कालेज में की तालाबंदी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों से अभद्रता पर छात्रों का गुस्सा फूट



पड़ा। उन्होंने हंगामा करते हुए कालेज के गेट पर तालाबंदी कर दी और धरने पर बैठ गये। छात्रों का कहना है कि महाविद्यालय में तमाम समस्याएं होने के बाद भी उनका समाधान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में जब छात्रसंघ (शेष पृष्ठ सात पर)

## समाज विरोधी भाजपाईयों को संरक्षण दे रही पुलिस: ठुकराल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त समाज विरोधियों को अपना संरक्षण प्रदान कर शासन के दबाव में काम कर रहा है। यह आरोप लगाते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि गत दिवस पुलिस द्वारा बुलेरो लूट कांड का खुलासा किया गया। लेकिन इसमें कई भाजपा नेताओं को छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि वाहन चालक किस भाजपा नेता का चा लक है और वह किसके इशारे पर अवैध वसूली कर रहा था इसका भी खुलासा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सिडकुल क्षेत्र में अवैध जबरन वसूली के कारण स्क्रेप कारोबारियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। श्री ठुकराल ने कहा कि इस मामले में जो भी लोग पकड़े गये हैं उनमें वसूली गई धनराशि के बंटवारे को लेकर झगड़ा हो रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। श्री ठुकराल ने कहा कि फर्जी एसओजी टीम बनाकर रंगदारी मांगने वाले आखिर किस भाजपा नेता के करीबी हैं इसका भी खुलासा होना चाहिए। कौन है वो जनप्रतिनिधि (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में वृद्ध की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध की मौत हो गयी। उसका शव गदरपुर रोड पर ओमबापू मंदिर के पास बरामद किया गया। मृतक के पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक गदरपुर के करतारपुर वार्ड एक निवासी 60 वर्षीय अमीर अमजद अंसारी गदरपुर रोड ओम बापू मंदिर के पास वेल्डिंग की दुकान पर बेसुध पड़े थे। इसकी सूचना 100 नंबर पर किसी ने पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और (शेष पृष्ठ सात पर)

# टीबी रोगियों को राज्यपाल ने बांटी पोषण किट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरूवार को राजभवन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोद लिए 13 टीबी रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित की। राज्यपाल ने रोगियों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार व संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने टीबी रोगियों की देखभाल हेतु नि-क्षय मित्र बनते हुए 2022 में 13 टीबी रोगियों को गोद लिया था जिनमें से 12 पूरी तरह स्वस्थ होकर टीबी मुक्त हो गए हैं और एक का इलाज चल रहा है। राज्यपाल ने 13 और रोगियों को गोद लिया है जिन्हें आज मासिक पोषण किट वितरित की गई। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक टीबी रोगी का मित्र बनकर उसके इलाज, पोषण में सहयोग करना होगा ताकि हमारा प्रदेश टीबी मुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के साथ ही इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी के इस अभियान में उन्होंने सभी लोगों से आगे आने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत भारत द्वारा वर्ष 2025 तक ही टीबी को समाप्त करने का निश्चय लिया गया है। उत्तराखण्ड ने टीबी उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वर्ष 2024 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य लिया है जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने प्रदेश के आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थानों, सक्षम व्यक्तियों आदि से आह्वान किया कि वे टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए नि-क्षय मित्र बनें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर अधिक से अधिक नि-क्षय मित्र बनाने का अनुरोध किया भी गया है।राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ पंकज सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में जुलाई 2023 तक 9,220 नि-क्षय मित्र बने हैं। नि-क्षय मित्र की संख्या में उत्तराखण्ड राज्य देश में दूसरे स्थान पर है। वर्तमान तक 5,717 टी0बी0 रोगी नि-क्षय मित्र से सहायता प्राप्त कर ठीक हो चुके हैं तथा 9,715 टी0बी0 रोगियों को नि-क्षय मित्रों द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में भारत सरकार द्वारा दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष वर्ष 2022 में सर्वाधिक टी0बी0 नोटिफिकेशन दर 99 प्रतिशत प्राप्त की गयी। इस दौरान कुल 27,570 रोगियों को चिन्हित कर उपचार प्रदान किया गया है। वर्ष 2023 में माह जून तक भारत सरकार द्वारा दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष 12965 (93 प्रतिशत) लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए0के0 सिंह, टी0बी0 एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की महासचिव पूनम किमोठी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा, व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# बालिकाओं को दिये कैरियर के टिप्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य के बालिका इंटर कॉलेज किच्छा में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास उधम सिंह नगर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 200 बालिकाओं को कैरियर काउंसलिंग प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सर्वप्रथम जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा पंजीकरण रोजगार संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ,तत्पश्चात जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा खेलकूद से संबंधित विषय पर बालिकाओं को विस्तृत रूप से बताया गया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी द्वारा प्रशासनिक सेवा व लॉ सेवा से संबंधित जानकारी दी गई । डायटिशियन श्रीमती अंशुल टंडन द्वारा बालिकाओं को आहार विशेषज्ञ को कैरियर के रूप में कैसे अपनाया जा सकता है उसके बारे में बताया गया। ओपन यूनिवर्सिटी के अधिकारी द्वारा भविष्य में कैरियर बनाने के लिए डिग्रियां कैसे प्राप्त कर सकते हैं आदि की विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यक्रम में इनके अतिरिक्त सुपरवाइजर कुसुम सिंह, लखविंदर कौर ,ब्रिटानिया फाउंडेशन के मोहित सक्सेना, मिशन सक्ति से किशन सिंह मेहरा, सोनाली जौहरी और रोली कश्यप द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# किसान से लाखों की ठगी करने वाला ईनामी ठग दिल्ली से गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। एसटीएफ का वांछित भी अपराधियों की धरपकड़ का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में एसटीएफ टीम ने बाजपुर के किसानों से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले शातिर ईनामी ठग जो पिछले एक वर्ष से फरार था दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसटीएफ टीम को टेक्निकल सर्विलांस एवं गोपनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि थाना बाजपुर से 25 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त राजीव पुत्र मान सिंह निवासी जगादरी जिला यमुनानगर जिसके द्वारा आरके कंस्ट्रेक्शन नाम की कम्पनी खोली गई थी। तथा अपने साथी अनिल कुमार के साथ मिलकर ग्राम खमरिया में एक किसान से पेड़ो के कटान करने के नाम पर लाखों रूपयो की ठगी कर दी थी तथा पिछले वर्ष से वांछित चल रहा है एवं लगातार फरार है दिल्ली में छिपकर रह रहा है। उक्त सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के निर्देशन में एसटीएफ की एक टीम दिल्ली रवाना हुई एवं लगातार तलाश करने लगी। टीम द्वारा सूचना एवं टेक्निकल सर्विलांस के सहयोग से दबिश देकर वांछित अभियुक्त राजीव पुत्र मान सिंह निवासी कस्बा जगादरी थाना सिटी जगादरी जिला यमुनानगर को दिल्ली आजादपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा वर्ष 2022 में थाना बाजपुर क्षेत्र में एक किसान से 22 लाख रूपये की ठगी की थी। राजीव एक शातिर किस्म का ठग है जिसके विरुद्ध पोंटासाहिब यमुनानगर एवं बिलासपुर क्षेत्र में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनकी जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर अबुल कलाम, एसआई यादवेंद्र बाजवा, एसआई दिलवर नेगी, एसआई विद्या दत्त जोशी, एएसआई प्रदीप चौहान, हैका. संजय कुमार, बिजेंद्र चौहान, महेंद्र नेगी व कांस्टेबल मोहन असवाल शामिल थे।



# रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की पैरवी के लिए नया सरकारी वकील नियुक्त

पौड़ी। राज्य सरकार ने अदालत में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की पैरवी के लिए अधिवक्ता अवनीश नेगी को नया सरकारी वकील नियुक्त किया है। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी किए हैं। अंकिता के परिजनों सहित विपक्ष की ओर से सरकार पर अदालत में केस की कमजोर पैरवी के आरोप लगाए जा रहे हैं। जिससे सरकार ने इस मामले में सरकारी वकील (विशेष लोक अभियोजक) अंकिता के पिता की पसंद का नियुक्त किया है। पूर्व में अंकिता हत्याकांड में सरकार की ओर से जितेंद्र रावत को सरकारी वकील नियुक्त किया गया था, लेकिन अंकिता के परिजनों ने सरकारी वकील पर आरोप लगाया था कि वह अदालत में मामले की कमजोर पैरवी कर रहे हैं। इसके बाद 19 जुलाई 2022 को अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान को पत्र लिखकर इच्छा जताई कि वह इस मामले में अवनीश नेगी पूर्व डीजीसी क्रिमिनल को विशेष लोक अभियोजन नियुक्त किया जाए। जिलाधिकारी ने इस पत्र को शासन की अनुमति के लिए भेजा था। शासन ने अंकिता के पिता की इच्छा के अनुसार ही अवनीश नेगी को सरकारी वकील नियुक्त किया है। अब वे इस मामले की अदालत में पैरवी करेंगे। बता दें कि अंकिता हत्याकांड को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुरू से एक्शन मोड में नजर आए। पहले मामले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री धामी ने इस मुकदमे को राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर कराया। साथ ही परिजनों के साथ अभिभावक की तरह खड़े रहे और परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सरकार की ओर से तत्काल एसआईटी गठित की गई। विपक्ष ने एसआईटी के बजाय मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज किया। अंकिता भंडारी वनंतरा रिसॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट थीं। अंकिता को आखिरी बार पुलकित आर्य के साथ रिसॉर्ट में 18 सितंबर 2022 को देखा गया था, जबकि उनका शव छह दिन बाद 24 सितंबर को चिल्ला पावर हाउस के पास शक्ति नहर से पुलिस ने बरामद किया था। इस दौरान मुख्य आरोपी पुलकित ने खुद को पाक-साफ दिखाने के लिए राजस्व पुलिस में अंकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। अंकिता के परिवार वालों का आरोप था कि इस मामले में राजस्व पुलिस पहले हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और फिर बाद में 22 सितंबर को इस मामले को नियमित पुलिस के हवाले किया गया था। फिलहाल इस मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और केस कोर्ट में है।



# जिलाधिकारी ने घंटों इंतजार कर रहे फरियादियों को बिना मिले लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता व महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने जिलाधिकारी के जनता दरबार में दिखाए गए रवैए पर रोष करते हुए सवाल उठाए। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि जिलाधिकारी ने घंटों इंतजार कर रहे फरियादियों को बिना मिले लौटाया। जो सरासर गलत है। घंटो प्रतीक्षा कर रहे फरियादियों को बिना किसी सूचना के मिलने से मना कर दिया गया। जबकि कई फरियादी 3 -4 घंटों से नबर लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।जिस पर ठीक 3 बजे मीटिंग है कहकर फरियादियों को खाली हाथ लौटाया गया। जिसमें कुछ महिला फरियादी भी थीं। फरियादियों ने जिलाधिकारी के इस रवैये पर आक्रोश जताया। उनका कहना था इस तरह से घंटों बैठा कर आम जनता को छला जा रहा है।

# व्यापारी के खिलाफ रपट दर्ज करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने एक व्यापारी पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि जीतपुर नेगी क्षेत्र में अभिलाष अग्रवाल द्वारा बिना नक्शा पास कराए व्यवसायिक गोदाम का निर्माण किया जा रहा था। जिसको प्राधिकरण द्वारा 16 जुलाई को सील किया गया था। उसे बिना प्राधिकरण की अनुमति के अभिलाष अग्रवाल द्वारा तोड़ दिया गया है। जानकारी मिलने पर जब प्राधिकरण की टीम ने मौके का निरीक्षण किया, तो वहां पाया गया कि निर्माणकर्ता अभिलाष अग्रवाल ने प्राधिकरण की लगाई गई सील को तोड़ दिया है। ऐसे में सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने निर्माणकर्ता अभिलाष अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं।

# युवती की आत्महत्या के लिए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इन्दिरा नगर निवासी युवती को आत्महत्या के लिये उकसाने वाले युवक को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने व दोषियों से सख्ती से निपटने की मांग को लेकर। साहू समाज के लोगों का एक शिष्ट मंडल युवा साहू समाज अध्यक्ष हेमन्त साहू के अगुवाई में बनभूलपुरा थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी से मिला। हेमन्त साहू ने कहा एक अपराधी की वजह से नाबालिग लड़की आत्महत्या करने के लिये मजबूर हो गयी। ऐसे दोषी को किसी भी कीमत में कठोर से कठोर सजा दी जायेइस मौके मृतका के पिता, महेश साहू, सुशील साहू, दीपक साहू, अरविंद साहू, सुधीर अग्रवाल, राजेंद्र साहू समेत दर्जनों लोग थे।


**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# किशोरी को लेकर भागा युवक गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र की एक नाबालिग को लेकर फरार युवक को पुलिस ने आज धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी युवक को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीया किशोरी करीब 12 दिन पहले लापता हो गई थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर एसआई सोनिका जोशी ने जांच शुरू कर दी और लापता किशोरी की तलाश में जुट गई। बताया कि शुक्रवार को बलुआटोला गांव निवासी जसवंत को धर दबोचा। उसके कब्जे से लापता किशोरी मिली। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया और आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाल ने बताया कि नाबालिग के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# राईस मिल में हुई चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राईस मिल में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान भी बरामद किया है। बता दें अज्ञात चोरों ने 13 जुलाई को किच्छा मार्ग स्थित राईस मिल केएलए इण्डिया प्रा .लि. से लैब पॉलिसिर, यूपीएस, कन्वेयर सेफ्टी गार्ड, लैब बरनियर, चावल एक बैग व लैब कैट मशीन शामिल चोरी कर लिये थे। चोरी की घटना सीसी टीवी फुटेज में भी कैद हुयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसआई सुनील बिष्ट ने बताया कि मामले में दो चोरों को पहाड़गंज से गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम इरफान पुत्र पुत्तन खान और अरमान पुत्र अजगर अली बताया है। पुलिस के मुताबिक चोरी इरफान ने की थी और चोरी का सामान कबाड़ी अरमान को बेचा था। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# केजीसीसीआई के आधुनिक तकनीकी से लैस चेंबर हाउस का सीएम करेंगे उद्घाटन

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुमाऊं गढ़वाल चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (केजीसीसीआई) के नवनिर्मित भवन का शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधिवत उद्घाटन करेंगे। बाजपुर रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए के जीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह 11:30 बजे यह कार्यक्रम प्रस्तावित है। केजीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल ने




नवनिर्मित भवन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह भवन आधुनिक तकनीक से लैस है। उन्होंने बताया कि पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए उद्यमियों को यत्र तत्र परेशान होना पड़ता था लेकिन नवनिर्मित भवन आध ुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने के कारण अब वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविध ा यही उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि नई नई टेक्नोलॉजी की जानकारी अब उद्यमियों को आसानी से मिल सकेगी इसके अलावा इसी नवनिर्मित भवन में प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। चेंबर के नवनिर्मित भवन में नए श्रमिक भी प्रशिक्षण ले सकेंगे। के जीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल ने मुख्यमंत्री के राज काज की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में काशीपुर में नए उद्योगों की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उद्योग जगत में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेंगे। इस मौके पर आरके गुप्ता, विनीत संघल, बांके गोयंका एवं आलोक गोयल प्रमुख रूप से मंचासीन रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया नो पार्किंग के विरुद्ध अभियान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा नगर में सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात हेतु सीओ ट्रैफिक व ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को नो पार्किंग में सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही करते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के दिये गये निर्देश के तहत सीओ ट्रैफिक अल्मोड़ा ओशिन जोशी के नेतृत्व में निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया व उनि यातायात अयूब अली द्वारा पुलिस बल के साथ नो पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाकर नगर के जाखनदेवी से लक्ष्मेश्वर तक सड़क किनारे नोपार्किंग में खड़े वाहनों को हटाया गया नो पार्किंग में खड़े भार वाहन व बसों में जैमर लगाकर चालानी कार्यवाही करते हुए भविष्य में नो पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी। इसके अतिरिक्त कुछ माल वाहन चालकों द्वारा निर्धारित समय के उपरांत भी सामग्री अनलोडिंग करने जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होना संज्ञान में आया था, जिस पर सभी भार वाहन चालकों को निर्धारित समय पर ही सामग्री अनलोडिंग करने सख्त हिदायत दी गयी।



# हल्द्वानी से लापता युवती का शव रामपुर में सड़क किनारे मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस घर से काम के लिए ऑफिस को निकली युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने के पश्चात उसका शव विगत दिवस उत्तर प्रदेश के रामपुर में सड़क किनारे पाया गया। पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त दुर्गा कार्की उम्र 23 वर्ष निवासी कटघरिया हल्द्वानी के रूप में की। परिजनों ने युवती के प्रेमी पर हत्या के बाद शव यहां लाकर फेंकने का आरोप लगाया है। युवती की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार को रामपुर के भोट थाना क्षेत्र के खूंटाखेड़ा गांव के पास सड़क किनारे एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। शव पाए जाने के सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। साथ ही मृतका की शिनाख्त करने के प्रयास शुरू कर दिए। इसकी सूचना हल्द्वानी में परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। गुरूवार को जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी पहुंचे मृतका के जीजा हल्द्वानी निवासी कुंदन सिंह ने शव की शिनाख्त दुर्गा कार्की पुत्री बालम सिंह कार्की निवासी कटघरिया हल्द्वानी के रूप में की। उनका कहना था कि 18 जुलाई की सुबह दुर्गा कार्की अपने आफिस में जाने को कहकर घर से निकली थी। लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने मुखानी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस के अनुसार युवती के परिजनों ने रुद्रपुर आवास विकास निवासी एक युवक पर प्रेम-प्रसंग के चलते युवती की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। रामपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दियाहै।

# किसान की लापरवाही से कई बकरियों की मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।एक किसान द्वारा सड़क पर गिराया गया रसायन मिला खाद बकरियों ने खा लिया। जिससे छह बकरियों की मौत हो गई। बकरियों के मालिक ने पुलिस चौकी में तहरीर सौंप कर किसान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम अरविंद नगर निवासी विवेकानंद मंडल बकरी पालन का काम करता है। गुरुवार को वह अपनी 17 बकरियों को चुगाने के लिए झाड़ी मंदिर के पास ले गया। दिन के करीब 12 बजे के आस पास झाड़ी मंदिर जाने वाली सड़क पर सभी बकरियों को एक जगह होते देखा। नजदीक पहुंचकर देखा तो कई बकरियां सड़क पर तड़प रही थी। देखते ही देखते छ: बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। उसने बाकी बकरियों को वहां से हटाया। पुलिस चौकी में दी तहरीर में विवेकानंद ने बताया कि ग्राम पिपलिया निवासी एक किसान झाड़ी मंदिर के पास खेत बटाई में ले रखा है, उसने खेत में डाले गए रसायन मिला हुआ खाद सड़क पर गिरा दिया, जिसे कुछ बकरियों ने खा लिया।उसने बताया रसायन मिला खाद खा लेने से उसकी चार गाभिन बकरियां और दो बकरे की मौत हो गई। उसने तहरीर मे बताया अन्य बकरियों की हालत आगे क्या होगा अभी कुछ पता नहीं चल रहा है। उसने पुलिस चौकी में तहरीर देकर किसान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विवेकानंद ने बताया उसने किसी प्राइवेट कंपनी से लोन लेकर बकरी पालन का काम शुरू किया है। 6 बकरियों की मौत से उसका लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हो गया है।



# करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत बिजली के करंट लगने से हुई होगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव को कब्जे में ले लिया।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर एक निवासी अमीर अमजा अंसारी (58वर्ष)पुत्र मकसूद अंसारी गुरुवार को सुबह अपने घर से मजदूरी करने निकला था। बताया जाता है कि सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने उसको दिनेशपुर मोड के पास एक प्रतिष्ठान के पास पड़ा हुआ देखा था। लेकिन उसको देखने के बाद




भी लोगों ने मानवता को शर्मशार कर दिया वहा मौजूद लोगो ने उसको उठाने की जहमत तक नहीं उठाई। सायं करीब चार बजे कुछ लोगों ने व्यक्ति का शरीर करंट से झुलसा हुआ देखा तब इसकी सूचना पुलिस को 112 नंबर पर दी गयी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे एसआई राजेन्द्र सिंह ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं सूचना पर मौके पर मृतक व्यक्ति का पुत्र ईद मोहम्मद ने बताया कि उसका पिता सुबह काम के लिए निकला था। उन्हें उसके छोटे भाई ने सूचना दी कि उनके पिता दिनेशपुर मोड पर गिरे पड़े है। मृतक व्यक्ति के शरीर पर बिजली से झुलसे होने के निशान है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविकता का पता चल पायेगा कि व्यक्ति की मौत कैसे हुई है। घटना के पास लोगो की काफी भीड़ जमा हो गयी। व्यक्ति की हुई अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# श्रीमद् भागवत कथा में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

काशीपुर (उद संवाददाता)।ग्राम हल्दुआ साहू में आयोजित भागवत कथा का गुणगान कर रहे सहारनपुर से आए आचार्य मनोज भारद्वाज जी महाराज द्वारा भागवत कथा का ज्ञान सप्ताह के तहत बृहस्पतिवार को श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाने का गुणगान किया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और मिठाइयां बाटकर बधाइयां देकर नंदोत्सव की खुशियां मनाई गई। कथावाचक मनोज जी महाराज ने कहा जब-जब पृथ्वी पर पापाचार बढ़ जाता है तब तब श्री हरि अवतार लेकर पाप व पापीयो का नाश कर पुन,धर्म को स्थापित उसके पति वासुदेव को कारावास में बंद कर दिया लेकिन श्री हरि की कृपा से माया के कारण कारावास के बंद द्वार खुल जाते हैं। मायावस वासुदेव भगवान श्री कृष्ण को उफनती यमुना को पार कर से कुशल नंद बाबा के घर छोड़ आते हैं नंद बाबा के घर पुत्र होने का पूरे नंद गांव में संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा सुनने के लिए उमड़ रहे हैं। इस दौरान रमेश ग्रोवर महंत दुर्गा जागरण मंडली जी द्वारा बताया गया कि शनिवार रात्रि मंदिर में दुर्गा जागरण मंडली द्वारा मां भगवती का जागरण किया जाएगा। रविवार भागवत कथा के समापन में दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया





गया। इस दौरान कथावाचक आचार्य मनोज भारद्वाज जी महाराज ने जब कृष्ण जन्म को लेकर मार्मिक वृतांत सुनाया तो ग्रामीण भाव विभोर हो गए एवं झूमने पर मजबूर हो गए जिसमें कई महिलाओं ने भाग लिया। कृष्ण जन्म के प्रसंग में नंद बाबा के घर में जन्मोत्सव का वर्णन किया करते हैं, मथुरा के राजा ने पाप का आचरण करते हुए अपने ही पिता को कारावास में डालकर सत्ता छीनकर प्रजा पर अत्याचार किया था तब जब उसे पता चला कि उसकी सगी बहन देवकी की आठवीं संतान उसके काल का कारण बनेगी। तब उसने बहन देव की और उत्सव के रूप में आयोजन किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मधुर भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए आनंद प्राप्त किया वहीं आचार्य मनोज जी महाराज द्वारा मधुर मधुर भजन सुना कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया गया। बीते 5 दिनों से चल रही भागवत कथा में सैकड़ो की जाएगा। इस दौरान कथा में, समाजसेवी रवि छाबड़ा विजय कुमार रहेजा राजकुमार बठला, संजय कुमार डॉ सुभाष चंद्र डॉक्टर बंटी अरोड़ा किशन लाल किशोर नारंग संत कुमार, सचिन कुमार नीरज शर्मा पंडित रविंद्र शर्मा व अन्य संभ्रांत व्यक्तियों ने भी मौजूद रहकर भागवत कथा को श्रवण किया।

# हादसे के आरोपी कार चालक पार्षद के खिलाफ रपट दर्ज


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों प्रीत विहार कालोनी के पास बाईक पर सवार होकर खाना होम डिलीवरी करने जा रहे युवक को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर देने वाले कार चलक पार्षद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में दूधि यानगर निवासी कृष्णावती पत्नी रामकिशोर ने कहा है कि उसका 20 वर्षीय पुत्र रवि एक कम्पनी में खाना डिलीवरी का कार्य करता है। 9 जुलाई को रात्रि वह खाना डिलिवरी करने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06ए डब्ल्यू 9441 से खाना डिलीवरी करने के लिये रामपुर रोड प्रीत विहार कालोनी की ओर जा रहा था तभी तेजी से आती हुई कार संख्या यूके 06 जेड 7035 के चालक ने उसके पुत्र की मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी, जिससे पुत्र को गंभीर चोटें आ गईऔर बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक द्वारा वहा से भागने का प्रयास किया परन्तु आस-पास के लोगो ने उसे रोक लिया। कार चालक आग बबूला होकर लोगो से कहने लगा कि वह भाजपा का एक नेता है और प्रीत विहार का पार्षद भी है। इसे न अस्पताल पहुँचाउगा न ही कोई मदद करूंगा। सूचना देने पर 108 एम्बुलेन्स द्वारा पुत्र को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। उसकी गम्भीर हालत को देखते हुये सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के लिये रेफर किया गया। वर्तमान में पुत्र का प्राईवेट अस्पताल में ईलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा मौके पर आकर पुत्र की मोटरसाईकिल एवं कार अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करन जांच शुरू कर दी है।

# आत्महत्या करने वाली युवती का हुआ दोबारा पोस्टमार्टम, आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में मृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के एक युवक के खिलाफ धारा 376, पोक्सो एक्ट सहित आत्महत्या के उकसाने संबंधित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी।6 वर्षीय युवती ने बुधवार को घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय उसकी छोटी बहन स्कूल गई थी और पिता काम पर गए थे। तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला था जिसमे लिखा था कि इंदिरा नगर निवासी जैद ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जिद ने उसके बालिग होने पर शादी की बात कही। लेकिन बाद में मुकर गया। पूरे मामले में परिजनों ने जैद अहमद नाम के युवक के खिलाफ बनभूलपुरा थाना में मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि युवक द्वारा पुत्री को परेशान किया जा रहा था जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या की है।मामले की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को आंवला चौकी गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामला संदिग्ध होने पर मृतका का फिर से पोस्टमार्टम कराया गया। जहां पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

# अष्टम पुण्य तिथि











## स्व. श्री हरिचंद भुसरी जी को

**(1929-2015)**

## भावपुर्ण श्रध्दांजली

### श्रद्धानवत

ओमप्रकाश भुसरी (भाई)
कृष्ण लाल भुसरी-कैलाश रानी (भाई-भाभी)
सूरज प्रकाश भुसरी-प्रेम रानी (भाई-भाभी)
तिलकराज भुसरी-संतोष रानी (भाई-भाभी)
अजीत भुसरी-अनीता रानी (भतीजा-भतीजा बहू)
विमला रानी-खैरातीलाल गगनेजा (बहन-बहनोई)
ऊषा रानी- ईश्वरदास वधवा (बहन-बहनोई)
शशि बाला, सुमन बाला (बेटियां)
शालू-गुलशन कुमार(बेटी-दामाद)

कस्तूरीलाल भुसरी-आशा रानी (पुत्र-पुत्रवधू)
अशोक भुसरी-कमलेश रानी (पुत्र-पुत्रवधू)
विनोद भुसरी-रश्मि रानी (पुत्र-पुत्रवधू)
अनिल भुसरी-अरूणा रानी (पुत्र-पुत्रवधू)
कमल भुसरी-श्वेता (पौत्र-पौत्रवधू)
रजत भुसरी-मोनिका(पौत्र-पौत्रवधू)
पारस भुसरी-आस्था 'चिन्की'(पौत्र-पौत्रवधू)
ऋषि भुसरी, मुनि भुसरी (पौत्र)
ज्योति-रवि जुनेजा (दोत्री-दोत्री दामाद)
रूमिल चावला-पारूल(दौत्र-दौत्रवधू)

**एवं समस्त भुसरी व गगनेजा परिवार**

## ``आपका आशीर्वाद एवं अपनत्व, सदैव बना रहे''

# बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर शिविर में 128 लोगों ने किया रक्तदान

## शिविर में दिव्यांगों को व्हील चेयर भी वितरित की गयी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से 128 यूनिट रक्तदान दिया गया। इसके अलावा कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन रुद्रपुर में वृक्षारोपण किया गया, जवाहर लाल नेहरू जिला अस्पताल रुद्रपुर और मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर में मरीजों के लिए व्हील चेयर भी दान किए गए। कार्यक्रमों का आयोजन एवं पर्यवेक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय रुद्रपुर के सम्मानित क्षेत्रीय प्रमुख मिहिर कुमार झा एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार पांडे द्वारा किया गया। पर्यवेक्षण के साथ-साथ उन्होंने बॉब द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग भी लिया है।बैंक ऑफ बड़ौदा भगत सिंह चौक शाखा और बैंक ऑफ बड़ौदा काशीपुर रोड रुद्रपुर शाखा में नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किये गये। जिसके माध्यम से वित्तीय रूप से साक्षर होने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। आम जनता से कई लोग इस वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का हिस्सा बने। हर साल बैंक ऑफ बड़ौदा अपने स्थापना दिवस को सामाजिक उत्तरदायित्व सप्ताह के रूप में मनाता है। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 28 जुलाई तक कई और कॉर्पोरेट सामाजिक कार्य किए जाने बाकी हैं। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने कहा कि 116 वां स्थापना दिवस बैंक के गौरवशाली यात्रा में एक और स्वर्णिम मील का पत्थर है। यह सिर्फ बैंक की उपलब्धियों का ही नहीं बल्कि उसके विशिष्ट व वफादार ग्राहकों के प्यार और विश्वास का भी उत्सव है। भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ बड़ौदा का निरंतर यह प्रयास रहा है कि हर कदम पर अत्याधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके अपने ग्राहको के जीवन में समृद्धि लाएं. अभिनव डिजिटल उत्पादों और सेवाओं, भविष्य की प्रौद्योगिकियों, अनुकूलित समाधानों से लेकर बॉब वर्ल्ड जैसे सुपर ऐप अपने ग्राहको के लिए एक विश्व स्तरीय बैंकिंग अनुभव लेकर आया है।




# नौकरी दिलाने के नाम लाखों रूपये की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर कई बेरोजगारों से लाखों रूपये ठगने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगियों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ठगी का शिकार हुये लोगों ने आज दोपहर एसपी सिटी मनोज कुमार को एक प्रार्थना पत्र सौपते हुये उन्हे बताया कि कोलकाता फार्म थाना किच्छा निवासी ने अपने आप को कांग्रेस का एक बड़ा नेता बताते हुये विकास भवन एवं अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने की बात कही गई। इसके एवज में उसके द्वारा एडवांस के रूपये मीना हालदार से 25हजार रूपये,भागीरथ से 25हजार रूपये, चंदन ढाली से 25हजार रूपये, विवेक हालदार से 25हजार रूपये,रीना दास, मीनू सरकार,सुमन सहित अन्य



8 लोगों से 25-25 हजार रूपये ले लिये गये और 15 दिन के भीतर नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 75-75 हजार रूपये और देने की बात कही गई। लगभग 2 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है लेकिन आज तक उसके द्वारा किसी को कोई नौकरी नही दिलाई गई। पैसे वापिस मांगने पर आज-आज कल करके टाल दे रहा है। नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार हुये भुक्तभोगियों ने आज एसपी से मिलकर उक्त आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुये उनके पैसे दिलाये जाने की मांग की। एसपी से मिलने वालों मे मीना हालदार, भागीरथ, विवेक,नन्दलाल,सुखदेव, मीनू सरकार, रीना दास,चन्दल ढाली आदि शामिल थे।

# बीओबी ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा गदरपुर द्वारा 116 स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक को सजाया गया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ोदा द्वारा बैंक में 116 वें स्थापना दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शाखा प्रबंधक ने मनोज शेखर पांडे द्वारा सभी को बैंक के 116वें स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी। उसके उपरान्त ग्राहकों को बैंक से मिलने वाली सुविधायें एवं कई कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बैंक को काफी सजाया गया। इस मौके पर जसवंत सिंह, सुमित, सिद्धार्थ, अंकिता, शीतल, सनी कुमार, अरुण, सुरजीत कुमार बत्रा आदि मौजूद थे।








## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### महिलाओं पर घृणित अत्याचार

मणिपुर हिंसा के अब ऐसे घृणित पहलू उजागर होने लगे हैं, जो मानवता के लिए निहायत शर्मनाक हैं। सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें बहुत सारे लोग अमानवीय अत्याचार करते हुए दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमा रहे हैं। उनके साथ छेड़खानी भी होती दिख रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्वाभाविक ही सबका सिर झुक गया। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से सख्त लहजे में कहा है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करें, वरना हम करेंगे। प्रधानमंत्री ने भी चुप्पी तोड़ते हुए संसद में इस मामले को शर्मनाक बताया। मणिपुर पुलिस का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक कथित आरोपी को उसने गिरफ्तार भी कर लिया है। यह घटना चार मई की बताई जा रही है। यानी हिंसा शुरू होने के दूसरे दिन की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि करीब एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ उनके गांव में घुस आई, आगजनी और कत्लो-गारत शुरू कर दिया। पुलिस उन दोनों महिलाओं को अपनी गाड़ी में थाने ले जा रही थी। तभी भीड़ सामने आ गई और पुलिस उन्हें भीड़ के बीच गाड़ी से उतार कर चली गई। इस घटना पर जब मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। उन सबके बारे में जांच चल रही है। विचित्र है कि करीब ढाई महीने से मणिपुर में हिंसा हो रही है, वहशी भीड़ वहां की महिलाओं को शत्रु संपत्ति समझ कर उनके साथ अत्याचार हैवानियत की हद तक क्रूर व्यवहार और उनकी अस्मत को तार-तार कर रही है और राज्य सरकार तमाशाई बनी बैठी है। मुख्यमंत्री के बयान से यही जाहिर है कि ऐसी घटनाएं उनके लिए मामूली हैं। शर्म की बात है कि यह मध्ययुगीन मानसिकता आज भी खत्म नहीं हुई है, जब विजेता सेनाएं शत्रु पक्ष की महिलाओं की अस्मिता के साथ इसी तरह खिलवाड़ करती और कुचलती देखी जाती थीं। पीड़ित महिलाएं कुकी समुदाय की बताई जा रही हैं। छिपी बात नहीं है कि पिछले ढाई महीने से किस कदर वहां की कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं और वे दोनों एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिहिंसा के भरे बैठे हैं। ऐसी स्थितियों में चूंकि महिलाएं सबसे आसान शिकार होती हैं और उनका अपमान कर जैसे पूरे समुदाय से बदला लेने का संतोष मिलता है, इसलिए जिन लोगों ने महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया उनके मन में भी यही भाव था। पीड़ित महिलाओं ने बताया है कि उनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया। हैरानी की बात है कि यह घटना पुलिस की जानकारी में हुई थी और उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और दोषियों की तलाश करने में तत्परता अब दिखाई है, जब उसका वीडियो प्रसारित होना शुरू हुआ। केंद्र सरकार को भी शायद अभी इसकी गंभीरता का अंदाजा हुआ है, जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि अगर केंद्र और राज्य सरकार ने संजीदगी दिखाई होती तो यह हिंसा बहुत पहले रुक गई होती। मगर न तो वहां की पुलिस इसे रोकने को लेकर गंभीर देखी गई और न राज्य सरकार ने दोनों समुदायों के बीच फैले भ्रम को दूर करने का कोई प्रयास किया। अब तक के सरकार के रवैए को देखते हुए बहुत से लोगों को भरोसा नहीं बन पा रहा है कि अब भी वह बहुत गंभीरता दिखाएगी।

# गैरसैण रानीखेत हाईवे पर सड़क धंसने से यातायात बाधित,बदरीनाथ हाईवे पर चारधाम यात्री फंसे

देहरादून। प्रदेश में भारी वर्षा का दौर कुछ थम गया है। गुरुवार को दून समेत आसपास के क्षेत्रों में चटख धूप खिली और पारा चढ़ने से चिलचिलाती गर्मी महसूस की गई। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल मंडराते रहे। मौसम विभाग के अनुसार दून में आज शुक्रवार को कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर मलबा आने से बंद पड़ा हुआ है। जिससे मार्ग पर कई यात्री विभिन्न पड़ावों पर रुके हुए हैं और मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं। गैरसैंण रानीखेत मोटरमार्ग कालीमाटी में सड़क का एक हिस्सा बह गया है। जिससे यहां आवाजाही बाधित हो गई है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नंन्दप्रयाग व पीपलकोटी में मलबा आने से अवरुद्ध है। छिनका व पाताल गंगा में भी हाईवे बंद है। दून में चटख धूप ने पसीने छुड़ा दिए। गुरुवार को दून का अधिकतम पारा 36 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकार्ड किया गया, जो कि सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसके अलावा मौसम शुष्क होने से शहर की सड़कों पर धूल उड़ती रही। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के दोबारा सक्रिय होने के कारण आज से फिर मौसम के तेवर तल्ख हो सकते हैं। उत्तराखंड में मौसम के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलों से



लेकर चटख धूप खिली। ऐसे में तापमान में भी भारी इजाफा दर्ज किया गया। हालांकि, आज प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में भारी बारिश की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। प्रदेश में इस वर्षाकाल में लगातार हो रही तेज वर्षा के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह नए भूस्खलन संभावित क्षेत्र बन गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने हाल ही में किए गए सर्वे में पूरे प्रदेश में 333 भूस्खलन क्षेत्र चिह्नित किए हैं। इनमें सबसे अधिक 96 टिहरी जिले में हैं। इसे देखते हुए विभाग ने इन सभी क्षेत्रों के निकटवर्ती लोक निर्माण विभाग के कार्यालयों को सचेत करते हुए यहां पर्याप्त संख्या में कर्मचारी, जेसीबी मशीन व अन्य उपकरण तैनात करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग ने मानसून से पहले प्रदेश में आल वेदर रोड समेत चल रहे अन्य निर्माण कार्यों के दृष्टिगत 203 भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चिह्नित किए थे। इन स्थानों पर 350 से अधिक जेसीबी व कार्मिक तैनात किए गए हैं। टिहरी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, चमोली व पौड़ी उन जिलों में शामिल हैं, जहां सबसे अधिक ऐसे क्षेत्र हैं जो भूस्खलन के हिसाब से संवेदनशील बने हुए हैं। इसे देखते हुए हाल ही में लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी स्थानों पर पर्याप्त संख्या में जेसीबी मशीन, उपकरण व कार्मिकों की तैनाती की जाए, ताकि इन क्षेत्रों से गुजरने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बागेश्वर में 110 साल पुराने झूला पुल में लगाये बैरिकेट

बागेश्वर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में सरयू नदी पर बने 110 साल पुराने पुल पर आवाजाही को बंद कर दिया गया है। पुल के दोनों ओर से आवाजाही को बंद कर यहां पर बैरियर लगा दिए हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी पर बने 110 साल पुराने पुल को बंद कर दिया गया है। इस पुल के दोनों ओर से आवाजाही को रोक दिया गया है। गुरुवार से इस झूला पुल आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। बता दें कि इस झूला पुल का निर्माण साल 1913 में किया गया था। अंग्रेजों के समय में सरयू नदी पर इस पुल का निर्माण कराया गया था। बीते दिन



पुल के गार्डर और दीवार पर बड़ी दरार देखी गई। जिसके बाद पुल से आवाजाही को रोकने का फैसला लिया गया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने त्वरित कार्यवाही के आदेश जारी किये हैं। गुरूवार को नगर पालिका ने पुल के दोनों तरफ बैरियर लगा दिए हैं। इसके साथ ही पुलिस आवाजाही करने वालों पर नजर रख रही है। झूला पुल कत्यूर बाजार से दुग बाजार को जोड़ता है। इस पुल की दीवार पर पड़ी हुई दरारें दिन पर दिन चौड़ी होती दा रही हैं। बता दें कि पुल पर उत्तरायणी के मेले के दौरान रंगरोगन का कार्य किया गया था। उस दौरान दरारें देखे जाने के बाद इस पुल को जिलाधिकारी के निर्देश पर बंद कर दिया गया था। जिलाधिकारी के अनुसार शासन से मरम्मत कराने के लि ए जल्द ही पत्राचार किया जाएगा। जैसे ही पुल की मरम्मत हो जाएगी वैसे ही पुल पर आवाजाही फिर से शुरू कर दी जाएगी।

# औषधीय पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं राम चंद्र राय

शक्तिफार्म ( उद संवाददाता)। श्रीरामचंद्र सेवा संस्थान तहसील परिसर में, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर ,कोतवाली परिसर, विकासखंड सितारगंज,गोविंदनगर जिला पंचायत क्षेत्र से लेकर शक्तिफार्म के विभिन्न क्षेत्रों में तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य औषधीय और छायादार पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा हैं। श्रीरामचंद्र सेवा संस्थान के अध्यक्ष राम चंद्र राय 5 दिनों से लगातर अब तक 1377 वृक्ष रोपण कर चुके है।सबसे बड़ी बात अपनी निजी वाहन में औषधीय गुणों से परिपूर्ण पौध,छायादार पौध अपने निजी खर्चो से कर रहे है किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति सरकार से मदद लिए बगैर राम चंद्र राय लोककल्याण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संकल्प लिया है हर सरकारी परिसर ,प्राइवेट संस्थान में इस प्रकार के पेड़ लगाया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा व्यास पीठ से मिले अनुदान से वे प्रति वर्ष सर्दियों में असहाय लोगो को गर्म कपड़े के साथ साथ राशन वितरण करते है तो विषम परिस्थितियों में कोरोना काल में उनके कार्य को कौन भूल सकता है ।असहाय दिन दुखियों की सेवा करना



उनका लक्ष्य है ।निर्धन गरीब असहाय बालक बालिकाओं को पाठ्य पुस्तकें प्रदान करना तो वही निर्धन निर्वल गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना राम चंद्र राय की सबसे बड़ी विशेषता है।राम चंद्र राय ने कहा कि औषधीय गुणों से परिपूर्ण शुगर के पौध वह स्वयं तैयार करते है।उन्होंने कहा वृक्ष हमारे जीवन का आध ार है एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है। शुगर नियंत्रण पौध और छायादार वृक्ष लगवाने के लिए राम चंद्र राय को सभी संस्थानों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीरामचंद्र सेवा संस्थान का सामाजिक कार्य प्रशंसनीय है जो निशुल्क इस तरह के औषधीय गुणों बाला पौध तैयार कर लोगो को दे रहे है। राम चंद्र राय ने कहा मानव सेवा ईश्वर सेवा है जीवन के अंतिम क्षणों तक लोककल्याण का कार्य करना ही उनका उद्देश्य है उन्होंने कहा उधमसिंह नगर के प्रत्येक क्षेत्र में औषध ीय गुणों से परिपूर्ण पौध लगाया जाएगा। हर घर में शुगर के मरीज है एकमात्र आयुर्वेद ही शुगर से निजात दिलाने में सहायक है राम चंद्र राय ने कहा शुगर को नियंत्रित करने बाला पौध का केवल डाली मात्र लगवा देने से वह तैयार हो जाता है जिसमे तीन माह में हरे हरे पत्तियां निकल आते है पत्तियों के सेवन मात्र से शुगर लेवल कम हो जाता है ।

# डीएम ने की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने मुख्य कृषि अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, बीमा क्रियान्वयन एजेंसी क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड एवं बैकर्स आदि के साथ प्रध ानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने सहकारी समिति के माध्यम से ऋण लिया है उन सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित किया जाय। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिये कि जिन किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बने हैं उन सभी किसानों को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित किया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित हो जायें उन्हें बल्क एसएमएस के माध्यम से बीमा योजना से आच्छादित होने की सूचना दे दी जाय। उन्होंने बीमा क्रियान्वयन एजेंसी के जिला समन्वयक को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अच्छादित किसानों को फसलों का नुकसान होने पर समय पर ही बीमा योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाय।मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा ने बताया कि ऋणि किसानों का फसल बीमा आगामी 30 जुलाई तक होना है। यह



बीमा फसल धान रुपये 23.02 प्रति नाली एवं मंडुवा रुपये 21.34 प्रति नाली के हिसाब से होना है। उन्होंने बताया कि गैर ऋणि किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित होने की अंतिम तिथि गत 15 जुलाई तक थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जलप्लावन, ओलावृष्टि, भू-स्खलन, बादल फटना, आकाशीय बिजली गिरना आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाती है। उन्होंने बताया कि बीमित किसान को निध ारित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होने पर टोल फ्री नंबर 1800 572 3013 पर 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से क्षेमा जनरल इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून को सूचित करना होगा।बैठक में लीड बैंक अधिकारी अमर सिंह ग्वाल, जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड से जिला समन्वयक भूपेश पांडे, डीडीएम नाबार्ड राकेश सिंह कन्याल एवं बैंकर्स उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

रूद्रपुर ( उद संवाददाता) ।मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय अत्याचार के विरोध में रुद्रपुर महिला कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार का पुतला फूंका गया।महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली के नेतृत्व में दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांजिट कैंप गोल मड़ैया पर एकत्र हुई,जहां उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की और मोदी सरकार से इस्तीफा देने की मांग की। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने कहा कि एक तरफ भाजपा कहती है कि बेटी बचाओ



बेटी पढ़ाओ वहीं दूसरी तरफ लड़कियों के साथ और महिलाओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है उन्हें सरेआम निर्वस्त्र करके घुमाया जा रहा है और उनका शोषण किया जा रहा है। मणिपुर में भी ठीक इसी तरह की घटना सामने आई है, जिसने हमारे देश को शर्मसार कर दिया है। इस अवसर पर निगम पार्षद प्रीति साना, पूर्व नगरपालिका सदस्य मालती मौर्या, देवकी देवी, ममता शर्मा, रानी रस्तोगी, प्रिया, पुष्पा, संगीता मंडल नीतू देवी आदि उपस्थित थे। उधर महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने भी मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की तीखी भर्त्सना करते हुए इसे मोदी सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इस्तीफे की मांग भी की है।

# एसएसपी से की सीसी टीवी कैमरे व लाइट लगवाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने मटर गली में सीसीटीवी कैमरा व स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के संदर्भ में एसएसपी को ज्ञापन सौंपा।जिसमे कहा गया है कि मटर गली व्यवस्थित क्षेत्र है। मटर गली के आस-पास लगभग 5 मंदिर व गुरुद्वारा सिंघ सभा है। आस-पास धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं, जिसे बाजार में भीड़-भाढ़ बड़ जाती है। जिसमें कई बार चोर-लुटेरे सक्रिय होकर लूट पाट व उठाई-गिरे घटना को अंजाम दे सकते हैं और छोटी-बड़ी वारदात भी कर सकते हैं। इसलिए मटर गली स्थित डीके पार्क से बाजार की तरफ एक सीसीटीवी कैमरा, दूसरा रोडवेज की ओर से मटर गली बाजार क्षेत्र की तरफ तथा एक सीसीटीवी कैमरा बाजार के बीच मे मंदिर के पास लगाया जाए। साथ ही एक एक स्ट्रीट लाइट पोल के साथ डीके पार्क से बाजार साइट पर लगाई जाने अति अवश्यक है। रात्रि में बहुत ज्यादा अंधेरा रहता है बरसात में पानी भरने से चलने वाले लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसएसपी से मिलने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष मोईन बाबा, प्रवक्ता प्रेम चौधरी, अतुल गुप्ता, लक्ष्मी नारायण आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सभी विभागों में विद्युत आपूर्ति के मानकों का परीक्षण करने के निर्देश

## जल संस्थान और ऊर्जा निगम के दो अभियंता किये निलंबित, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के सुपरवाइजर ज्वाइन्ट वेन्चर कम्पनी एवं अन्य संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

देहरादून(उद संवाददाता)। चमोली के एसटीपी प्लांट में करंट लगने से वीभत्स हादसे में लापरवाही बरतने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर संबंधित अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है।जल संस्थान ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का अनुश्रवण कर







रहे अपर सहायक अभियंता हरदेव लाल और ऊर्जा निगम के क्षेत्रीय अवर अभियंता कुंदन सिंह रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त दोनों अभियंताओं को प्रथम दृष्ट्या जांच में लापरवाही का दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। चमोली में बुधवार को हुए दर्दनाक हादसे के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया है। गुरुवार को मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सभी विभागों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था के मानकों का परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों को समस्त परियोजनाओं, आस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था के मानकों का परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि परिक्षण कराए जाने के साथ ही प्रभारी अधिकारी से सुरक्षा उपाय सुनिक्षित किये जाने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों के परीक्षण की कार्रवाई विभाग के मानकों के अनुसार अथवा प्रत्येक तीन माह में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी के निर्देश पर राजस्व उपनिरीक्षक तहसील चमोली द्वारा सुपरवाइजर ज्वाइन्ट वेन्चर कम्पनी एवं अन्य संबंधित के विरूद्ध नमामि गंगे के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर विद्युत उपकरणों के संचालन में घोर लापरवाही बरते जाने के संबंध में एफआईआर भी दर्ज कर दी गई है। गुरूवार को चमोली में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए होमगार्डस के जवान मुकुंदी राम, सोबत लाल व गोपाल को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी महोदय, नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य, पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री धन सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री महेन्द्र भट्ट व पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र श्री करन सिंह नगन्याल द्वारा पुलिस लाईन गोपेश्वर मैदान में श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजंलि दी व दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर शोक संतप्त मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुँकर घायलों का हाल चाल जाना और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।इस दु:ख की घडी में चमोली पुलिस परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है, कि वो इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें व दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें। इस दौरान कर्णप्रयाग विधायक श्री अनिल नौटियाल, विधायक थराली श्री भूपाल राम टम्टा, जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक चमोली श्री प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग श्री अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन सुश्री नताशा सिंह व पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री प्रमोद शाह द्वारा भी शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। चमोली में करंट लगने से हुए हादसे की जांच को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्दए हैं। साथ ही हादसे के कारणों का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को कहा है। इसी क्रम में गुरुवार को दो अभियंताओं पर गाज गिरी।जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग ने बताया कि चमोली स्थिति सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन और रख-रखाव का कार्य आउटसोर्स माध्यम से मै. जयभूषण मलिक काट्रैक्टर पटियाला की ओर से किया जाता है। जिसके अनुश्रवण की जिम्मेदारी जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता हरदेव लाल की थी। करंट फैलने से चमोली में हुए दर्दनाक हादसे के छह घायलों में से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि अन्य सभी घायलों का एम्स के ट्रामा वार्ड में उपचार चल रहा है। गुरुवार दोपहर चमोली से पांच अन्य घायलों को हेली एंबुलेंस से एम्स लाया गया।इन सभी को ट्रामा इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। दोपहर में स्वास्थ्य चिकित्सा और उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उनके साथ थराली के विधायक अनिल नौटियाल व थराली के विधायक भोपाल राम टम्टा भी मौजूद थे।गुरुवार को आए घायलों में 24 वर्षीय अभिषेक पाल, 49 वर्षीय पवन सिंह राठौर , 20 वर्षीय जयदीप , 41 वर्षीय धीरेन्द्र रावत और 27 वर्षीय सुभाष खत्री शामिल हैं। ट्रामा सर्जन डा. नीरज कुमार ने बताया कि इन घायलों की आवश्यक मेडिकल जांचें की जा रही हैं। बहरहाल इनमें से कोई भी घायल गंभीर स्थिति में नहीं है। उधर, बीते बुधवार को भर्ती किए गए छह घायलों में से जेई जल संस्थान संदीप मेहरा और सुशील की हालत गंभीर बनी है। चिकित्सकों ने बताया कि करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसने के कारण संदीप मेहरा की बायें हाथ और बायें पैर की मांसपेशियां पूरी तरह जल गई थी।उनकी जान बचाने के लिए उनका बायां हाथ और बायां पैर काटना पड़ा। क्योंकि इससे उनकी किडनी भी प्रभावित हो रही थी। वह अभी ट्रामा आइसीयू मे वेंटीलेटर पर हैं। जबकि सुशील के सिर में चोट लगने के कारण वह पूरी तरह होश में नहीं हैं। हालांकि उनकी हालत में पहले से सुधार है।उन्होंने बताया कि स्थिति गंभीर होने के कारण इन दोनों घायलों को चिकित्सकों की गहन निगरानी में रखा गया है और उनका उपचार जारी है। जबकि अन्य घायलों में नरेंद्र लाल, आनंद कुमार, रामचंद्र और महेश कुमार की हालत स्थिर हैं। इन सभी का उपचार ट्रामा वार्ड में चल रहा है।

# लाइनमैन ने जैसे ही जंपर जोड़ा प्लांट में बिजली आई और करंट दौड़ गया!

देहरादून। चमोली हादसे के बाद विद्युत सुरक्षा विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने पहले दिन जांच के बाद प्रथम दृष्टया यूपीसीएल और एसटीपी दोनों के स्तर पर कुछ खामियां पाई हैं। हालांकि पूरी जांच होने के बाद तस्वीर साफ हो पाएगी। बताया जा रहा है कि यूपीसीएल जहां भी बिजली आपूर्ति को ट्रांसफार्मर लगाता है, वहां हाई वोल्टेज या फॉल्ट होने पर इलेक्ट्रिक शॉक से बचाने के लिए अर्थिंग करता है। नमामि गंगे परियोजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में हुए हादसे के दूसरे दिन प्लांट में अर्थिंग को लेकर सवाल उठे। यह हादसे की बड़ी वजह हो सकता है। चमोली के इस प्लांट में भी यूपीसीएल ने अर्थिंग की हुई है। इसी अर्थिंग पर सवाल उठ रहे हैं। बृहस्पतिवार को प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे रुड़की के सहायक विद्युत निरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि यूपीसीएल की अर्थिंग काम कर रही थी या नहीं, इसकी शुक्रवार को मशीनों से जांच की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यूपीसीएल और प्लांट दोनों के स्तर से कुछ खामियां जांच के दौरान नजर आई हैं। बताया कि करंट फैलने की मुख्य वजह हाई वोल्टेज या शॉर्ट सर्किट दोनों में से कुछ भी हो सकती है।इसकी जांच शुक्रवार को मशीनों से होने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। हालांकि यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार का कहना है कि हाई वोल्टेज की बात तकनीकी तौर पर सही नहीं है। चमोली में एसटीपी को जिस 11 केवी लाइन से आपूर्ति दी जा रही है, उसका हादसे से पहली रात प्लांट ऑपरेटर गणेश की मृत्यु के दौरान जंपर उड़ गया था। तीन में से दो फेज में आपूर्ति हो रही थी। इसकी सूचना बिजली विभाग को मिली तो उन्होंने फॉल्ट तलाश किया। पता चला कि प्लांट के पास जंपर उड़ा हुआ था, जिसकी वजह से प्लांट में आपूर्ति नहीं हो रही थीं। बिजली विभाग के लाइनमैन ने करीब 11 बजे लाइन का शटडाउन लिया और जंपर जोड़ा। करीब 11:25 पर लाइन चालू कर दी गई। जैसे ही लाइन चली तो प्लांट में बिजली आई और करंट दौड़ गया। करंट दौड़ने से हादसा हुआ, जिसमें 16 लोगों की मौत हुई।

## डीआईजी नगन्याल और सचिव पेयजल ह्यांकी ने किया नमामि गंगे परियोजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण



चमोली(उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र व सचिव पेयजल ने प्रशासन की टीम के साथ गुरूवार को चमोली दुर्घटना क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये है। अलकनंदा नदी के पास बने नमामि गंगे परियोजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में करंट फैलने के कारण हुई वीभत्स दुर्घटना जिसमें अधिक संख्या में हुई जनहानि की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र श्री करन सिंह नगन्याल ने सचिव पेयजल श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, विद्युत सुरक्षा व प्रशासन की संयुक्त टीमों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा घटनास्थल के आस पास की पूरी जानकारी जुटाने के साथ ही दुर्घटना के कारणों की निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस भीषण दुर्घटना में मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जिलाधिकारी चमोली को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए थे। जिसमें अपर जिलाधिकारी डॉ0 अभिषेक त्रिपाठी को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए एक सप्ताह के अन्दर दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच पूरी करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद शाह मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**ग्राम पंचायत चुनाव की...**समेत कई लोगों के नाम हैं। महिला ने आगे कहा कि उन लोगों ने मेरे कपड़े फाड़ने की कोशिश की और मुझे नग्न होने पर मजबूर किया। सबके सामने मेरे साथ छेड़छाड़ की। मुझे गलत तरीके से छूने की कोशिश की । बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है।उन्होंने ट्वीट किया-ममता बनर्जी को क्या कोई शर्म है? आपके राज्य सचिवालय से कुछ ही दूरी पर यह घटना हुई है। आप एक विफल मुख्यमंत्री हैं और आपको अपने बंगाल पर ध्यान देना चाहिए।

**गदरपुर में सभासदों का...**में रोष है और आज तालाबंदी की गई है ।वार्ड नंबर 4 के सभासद अमरजीत सिंह ने कहा कि सभासदों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। सभासद पिछले काफी समय से बोर्ड बैठक कराए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन चेयरमैन और ईओ इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं । वार्ड नंबर 5 के सभासद परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि कई बार लिखित में अधिशासी अधिकारी, एसडीएम और जिलाधिकारी को जल्द बोर्ड की बैठक कराए जाने की मांग को लेकर अवगत करा दिया था लेकिन चेयरमैन की हठधर्मिता और ईओ की दबंगई के चलते अभी तक बोर्ड की बैठक नहीं की गई है। धरना स्थल पर सभासदों ने कहा कि खुली बैठक का आयोजन होना चाहिए, मजिस्ट्रेट की देखरेख में बोर्ड की बैठक करवाई जाए, कर्मचारियों की समस्त मांगों पर कार्यवाही, चेयरमैन के वित्त अधिकारों पर चर्चा, सफाई व्यवस्था पर चर्चा, समस्त निर्माण कार्यों के भुगतान पर चर्चा, नगरपालिका के समस्त बिंदुओं पर चर्चा नगरपालिका हित में,पर्यावरण मित्र आशु के स्वर्गवास के बाद उनकी धर्मपत्नी को नगर पालिका में रखे जाने के संबंध में चर्चा, पर्यावरण मित्र के एएसआई एवं पीएफ फंड के विषय में चर्चा, जब तक बोर्ड की बैठक ना बुलाई जाए तब तक कोई भी भुगतान ना करा जाए।सभासदों को शहर के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपना समर्थन दिया जिसमें व्यापार मंडल की टीम भी धरने को अपना समर्थन देने पहुंची वहीं भाजपा के वरिष्ठ प्रतिनिधि मिनी गुंबर ने भी नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और बताया कि शिकायतें की जा चुकी हैं जल्द ही कार्यवाही होगी। हंगामे की सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने अपनी टीम के साथ खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया खुफिया विभाग के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद रिजवान खान भी अपनी टीम के साथ हर मामले पर नजर बनाते हुए नजर आए। इस दौरान सभासद जुनैद अंसारी, अमरजीत सिंह, परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुंबर मिंटू, रोहित सुदामा, सतीश मिड्डा, मीनाक्षी, संजीव लीना झाम, विनीता चौधरी मौजूद रहे। उधर पालिका में सभासदों के हंगामे के बाद पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी अन्य कर्मचारियों के साथ सभासदों के खिलाफ तहरीर लेकर थाने पहुंच गये। उन्होंने सभासदों पर हंगामा और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

**पत्नी मायके से नही...**निवासी भारती से हुआ था। राहुल के पिता लखन मध्यप्रदेश स्थित पुश्तैनी गांव में रहते हैं। जबकि छोटा भाई विशाल अपनी पत्नी दिव्या और मां के साथ राहुल के संग रहता है। परिवार में खुशी का माहैल था। कुछ माह पूर्व से राहुल के समक्ष स्थाई रोजगार की समस्या आ गई थी। वहीं उसकी पत्नी भी गर्भवती हो गई थी। जिसका जिक्र वह अपनी मां से करती रहती थी। करीब चार माह पूर्व राहुल की पत्नी अपने मायके चली गई। राहुल उसे लेने के लिए कई बार ससुराल गया लेकिन सास ने पुत्री को भेजने से मना कर दिया। बताया जाता है कि राहुल दो दिन पूर्व भी पत्नी भारती को लेने ससुराल गया था परंतु उसकी सास ने भारती को भेजने से न सिर्फ मना कर दिया वरन राहुल को भी बुरा भला कहा। जिससे राहुल पूरी तरह से टूट गया और वह गुमगुम सा रहने लगा। मानसिक रूप से परेशान रहने के चलते राहुल ने आज प्रात: घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहुल के शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। परिवार में दो भाईयों में मृतक राहुल बड़ा था।

**छात्र नेताओं से ...**अध्यक्ष गौतम पपनेजा और पदाधिकारी प्राचार्य से मिले तो उनसे अभद्रता की गई और जाने को कह दिया गया। गुस्साए छात्रसंघ अध्यक्ष और पदाधिकारियों के साथ ही एबीवीपी कार्यकर्ता महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्राचार्य गो बैक और छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए और अपना आक्रोश जाहिर किया। छात्र नेताओं ने कहा कि इस तरीके का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने कहा कि बारिश के हर मौसम में कॉलेज में पानी भरता है, लेकिन प्राचार्य द्वारा सुध नहीं ली जाती, कॉलेज की बिल्डिंग और गेट जर्जर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अगर प्राचार्य को छात्रों की जरूरत नहीं है तो छात्रों को भी ऐसे प्राचार्य की जरूरत नहीं है।छात्रों के हंगामे की सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने छात्र नेताओं से बात की और उन्हें समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन देकर मामला शांत किया। जिसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया।

**संदिग्ध हालातों...**वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पुत्र मोहम्मद अंसारी ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**समाज विरोधी ...** जिसके भतीजे को बचाया गया? उन्होंने कहा कि आखिर पुलिस किसके दबाव में भाजपा के आपराधिक लोगों को बचा रही है। उन्होंने एसएसपी मंजूनाथ टीसी से अपील करते हुए कहा कि मामले में जो असली अपराधी हैं उन्हें भी गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने कहा मौजूदा जनप्रतिनिधि मुखमंत्री एवं भाजपा की छवि को धूमिल कर रहे हैं।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीवरेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000